
# समुद्री चील

# अल्बर्ट

लेखक : सिड



# समुद्री चील

# अल्बर्ट

अल्बर्ट, एक बड़ी समुद्री चील है.
उसके रोमांचक कारनामों को पढ़कर
बच्चों को बहुत मज़ा आएगा.
सबको पता है कि समुद्री चील का
दिखना शुभ माना जाता है.
अल्बर्ट को मिलकर तुम्हें भी
कुछ-कुछ वैसा ही लगेगा...





अल्बर्ट एक चील थी.

वो एक विशाल समुद्री चील थी.

अंग्रेजी में उसे अल्बाट्रोस कहते हैं.





क्यूंकि समुद्री चील को शुभ माना जाता है,
इसलिए जहाज़ के नाविक अल्बर्ट को देखना पसंद करते थे.

जब अल्बर्ट जहाज़ का पीछा करती,
तब नाविक बहुत खुश होते थे.



एक दिन समुद्र में भयंकर तूफ़ान आया.
हवा बहुत तेज़ी से सायं-सायं करके चली.



उसके बाद नाविकों को अल्बर्ट दिखाई ही नहीं दी.



अल्बर्ट को भी नाविक दिखाई नहीं दिए.



अल्बर्ट को अपने सामने सिर्फ ज़मीन दिखाई दी.



"क्या तुमने समुद्र देखा है?"
अल्बर्ट ने पिंजड़े में बंद एक चिड़िया से पूछा.



वो चिड़िया एक तोता था.
"मुझे एक बिस्कुट चाहिए," तोते ने कहा.



"क्या तुमने समुद्र देखा है?"
अल्बर्ट ने घड़ी वाली चिड़िया से पूछा.



वो चिड़िया एक कोयल थी.
"कू-कू, कू-कू," कोयल ने कहा.



"क्या तुमने समुद्र देखा है?"
अल्बर्ट ने पेड़ पर बैठी चिड़िया से पूछा.




वो चिड़िया एक कठफोड़वा था.
"ठक-ठक-ठक," कठफोड़वे ने जवाब दिया.



"क्या तुमने समुद्र देखा है?"

अल्बर्ट ने चर्च के ऊपर बैठी चिड़िया से पूछा.




वो चिड़िया टीन की बनी थी.

इसलिए उसने कोई जवाब ही नहीं दिया.




फिर अल्बर्ट उड़कर एक हैट की दुकान में गई.



"मुझे समुद्री यात्रा के लिए यह चिड़िया
वाली हैट चाहिए," एक धनी महिला ने कहा.



"कितनी सुन्दर हैट है," महिला के मित्रों ने कहा.
"वो चिड़िया तो देखने में बिल्कुल असली लगती है."

"धन्यवाद," महिला ने खुश होते हुए कहा.
"मैं यह हैट समुद्री जहाज़ पर पहनूंगी."



उसके बाद यात्री जहाज़ पर चढ़े.
लोगों ने यात्रियों से अलविदा कहा.



"गुड-बाई," महिला ने कहा.



फिर दोपहर के भोजन का समय हुआ.
"मैं आपको जानता हूँ!" कप्तान ने महिला से कहा.
"नहीं, आप मुझे नहीं जानते," महिला ने उत्तर दिया.



कप्तान ने महिला से कहा,
"मैं आपको नहीं, आपकी हैट पर बैठी चिड़िया
को ज़रूर जानता हूँ."





"पर हमें वो असली चिड़िया बहुत पसंद है,"
जहाज़ के नाविकों ने कहा.
"हमें वो समुद्री चील चाहिए.
वो अच्छी तकदीर का चिन्ह है."


"अरे बाप रे!" महिला ने चिल्लाते हुए कहा.
"मुझे अपनी हैट पर असली चिड़िया नहीं चाहिए."



"यह मेरा अच्छा भाग्य है कि मेरा आपसे
दुबारा मिलना हुआ," अल्बर्ट ने नाविकों से कहा.



"जहाज़ पर तुम्हारा स्वागत है,"
सब नाविकों ने मिलकर कहा.



**समाप्त**